# वीयू– मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

आज 9 वें अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी मुख्य

अतिथि के रूप में डॉ. एस.एस. तोमर विशिष्ट अतिथि डॉ. एस घोष, तथा डॉ. बी. रॉय विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन के मार्गदर्शन में, योग प्रभारी डॉ. प्रीति मिश्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सोना दुबे, योग समिति तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, यह कार्यक्रम मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में विगत 4 जून से आरंभ हुआ, जिसमें योगाभ्यास के साथ–साथ रंगोली, स्लोगन राइटिंग, पेंटिग, निबंध लेखन, तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा योगा प्रोटोकाल

डिमॉन्सट्रेसन एवम् प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओ का आयोजन क्रमबद्ध रूप में किया गया, जहां महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हुए प्रमाण एवं प्रशस्ति पत्र भी अर्जित किए, सभी कार्यक्रम इस वर्ष की थीम **"वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग"** पर आधारित रहे, कार्यक्रम समारोह के दौरान मुख्य अतिथि माननीय कुलपति प्रो. एस.पी. तिवारी जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए योग की महत्ता, विशेषता, उपयोगिता एवम् योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवम् समाजिक लाभ

के साथ वैश्विक स्तर पर इसके बढ़ते प्रभाव एवम् महत्त्व पर अपने विचार व्यक्त किए एवम् योग के लिए सामूहिक प्रतिज्ञा ली कार्यक्रम में महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन, सह प्रध्यापक डॉ. माधुरी शर्मा, महाविद्यालय योग प्रभारी डॉ. प्रीति मिश्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सोना दुबे, मत्स्य प्रक्षेत्र प्रभारी श्री शिवमोहन सिंह, योग समिति सदस्य प्रतीक कुमार तिवारी, अनिल केवट, शिवानी पाठक, टीचिंग एसोसिएट प्रियंका गौतम, सत्येन्द्र कटारा, सहित

कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक छात्रा विशाखा जाटव ने विशेष भूमिका निभाई, मंच संचालन प्रतीक कुमार तिवारी द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर